Hindi Classes

Name ……………….. Date………………

Composition-3

नीचे लिखी गई घटना को पढ़िए व कठिन शब्द समझिए ।

राम को मिठाई खाना बहुत पसंद था । वह रोज मिठाई खाता था । खाने के बाद वह कभी भी दाँत साफ नहीं करता था । उसकी माँ बहुत डाँटती थीं लेकिन वह उनकी बात नहीं सुनता था ।

एक दिन अचानक राम के दाँत में बहुत तेज दर्द होने लगा । वह रोने लगा । रोते -रोते वह माँ के पास गया । पहले तो माँ गुस्सा हुई पर फिर उन्हें राम पर दया आ गई । वे राम को दंत-चिकित्सक के पास ले गईं ।

दंत-चिकित्सक ने राम के दाँतों की जाँच की । उसने बताया कि राम के एक दाँत में कीड़ा लग गया था क्योंकि वह खाने के बाद दाँत साफ नहीं करता था । चिकित्सक ने राम को कुछ दवाइयाँ दीं । दवा लेकर राम को कुछ आराम आया । राम ने वादा किया कि अब वह लापरवाही नहीं करेगा और रोज दाँत साफ करेगा । चिकित्सक ने यह भी कहा कि उसे अधिक चॉकलेट नहीं खानी चाहिए और खाने के बाद दाँत साफ करने चाहिए ।

उपयुक्त क्रिया शब्दों से खाली स्थान भरिए-

राम को मिठाई (खाने/खाना) बहुत पसंद था । वह रोज मिठाई (खा रहा था/खाता था) । (खाने के बाद/खाना के बाद)वह कभी भी दाँत साफ नहीं करता था ।

उसकी माँ बहुत डाँटती थीं लेकिन वह उनकी बात नहीं (सुनती थी/सुनता था) ।

Hindi Classes

एक दिन अचानक राम के दाँत में बहुत तेज दर्द (हो गए/होने लगा) ।

वह (रो रहा था/रोने लगा) । (रोकर/रोते हुए) वह माँ के पास गया ।

पहले तो माँ गुस्सा हुई पर फिर उन्हें राम पर दया (आने लगी/आ गई) । वे राम को दंत-चिकित्सक के पास (ले गईं/ले गए) ।

दंत-चिकित्सक ने राम के दाँतों की जाँच (किया/की) । उसने बताया कि राम के एक दाँत में कीड़ा (लग/कर) गया था क्योंकि वह खाने के बाद दाँत साफ नहीं (कर रहा/करता) था । चिकित्सक ने राम को कुछ दवाइयाँ (दिए/दीं) । दवा लेकर राम को कुछ आराम (हो गया/आया) । राम ने वादा किया कि अब वह लापरवाही नहीं (किया/करेगा) और रोज दाँत साफ (करने लगा/करेगा) ।चिकित्सक ने यह भ कहा कि उसे अधिक चॉकलेट नहीं (खाएगा/खानी चाहिए) और खाने के बाद दाँत साफ (करना/करने) चाहिए ।

अब आप इसी प्रकार की घटना लिखने का अभ्यास कीजिए-

गद्यांश 1- कौन सी बुरी आदत थी ?

....

गद्यांश 2-उससे क्या बुरा हुआ?

....

गद्यांश 3-वह कैसे ठीक हुआ और क्या सीखा ?

....

Hindi Classes